दिन—शनिवार दिनांक— 13/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि— 05 मिनट

रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय शंकर सिंह को जीत मिली है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल को आठ हजार दो सौ ग्यारह मतों के अंतर से पराजित किया। राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रहीं। शंकर सिंह को कुल सड़सठ हजार सात सौ उनासी मत प्राप्त हुए। वहीं, जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल को उनसठ हजार पांच सौ अड़सठ और राजद की बीमा भारती को तीस हजार एक सौ आठ मत प्राप्त हुए। शंकर सिंह वर्ष दो हजार पांच में लोजपा के टिकट पर रूपौली से विधायक चुने गये थे। तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के कारण वे मात्र तेरह दिनों तक ही विधायक रह सके थे। वहीं, वर्ष दो हजार दस, दो हजार पंद्रह और दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव में वे दूसरे स्थान पर रहे थे। रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव बीमा भारती के त्यागपत्र देने के बाद कराया गया था। उन्होंने राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लडने के लिए अपनी विधानसभा सीट छोड दी थी। बीमा भारती ने दो हजार बीस विधानसभा चुनावों में इस जदयू के टिकट पर विजय प्राप्त की थी।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इन अदालतों में दीवानी मामलों के साथ—साथ कुछ प्रकार के फौजदारी मामले, बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटरयान दुर्घटना और वैवाहिक विवाद से संबंधित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि ई—शिक्षा कोष ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा। विभाग ने पोर्टल पर ऑनलाइन उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों की रिपोर्ट सभी जिलों से मांगी है।

विभागीय सूत्रों ने बताया कि उन्हीं शिक्षकों के जुलाई महीने के वेतन भुगतान की अनुशंसा की जाएगी, जिनकी ऑनलाइन उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज होगी।

——————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक एक सौ चालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद और समस्तीपुर जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

——————————————————————

रोहतास के कैमूर की पहाड़ी पर मां तुतला भवानी धाम स्थित जलप्रपात में कल अचानक आई बाढ़ में फंसे सभी छह सैलानियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी सैलानियों को सुरक्षित निकाला। कल शाम जलप्रपात में अचानक बाढ़ आ गयी थी।

——————————————————————

मुंगेर में अपराधियों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एक मृतक का आपराधिक इतिहास था। मामले की जांच जारी है।

——————————————————————

पटना के दानापुर में अपराधियों ने एक बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान गोली मारकर दो लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान दुल्हा के भाई और बहनोई के रूप में हुयी है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

——————————————————————

सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोचन मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने चार महिलाओं को कुचल डाला। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य महिलाओं का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

——————————————————————

अररिया जिले के मटियारी से एसएसबी और पुलिस की टीम ने सत्तर किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।